# गढ़ गणेश मंदिर में 21किलो ड्राई फ्रूट से बने मोदक का भोग लगाया

**बीकानेर,** (कासं)। गणेश चतुर्थी पर शहर और जिले के मंदिरों में अल सुबह अभिषेक किया गया। आदि गणेश में सुबह 4 बजे पंचामृत से अभिषेक किया। वहीं मंदिरों में दोपहर 12 बजे भगवान गणेश का जन्मोत्सव शुरू हुआ।

लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में बने गढ़ गणेश मंदिर के पुजारी गणेश सेवग ने बताया कि ये मंदिर परिसर पहले बीकानेर का गढ़ था। राव बीकाजी यहीं पर रहते थे। इस गणेश मंदिर की स्थापना राज परिवार ने की थी। बाद में राज परिवार जूनागढ़ में शिफ्ट हो गया लेकिन ये मंदिर आज भी गढ़ गणेश मंदिर कहलाता है। गणेश चतुर्थी पर पिछले करीब 530 सालों से इस मंदिर में विशेष पूजन का सिलसिला चल रहा है। इस बार भी मंदिर को विशेष तौर पर सजाया गया है।

जूनागढ़ में 31 पौंड के केक और 21 किलोग्राम का मोदक चढ़ाया गया। इसे ड्राई फ्रूट्स से सजाया गया। जिसमें काजू, बादाम, अखरोट, किसमिस और पिस्ता लगा। करीब बीस फीट ऊंचे मंदिर के गेट को लकड़ी से बनाया गया है और बीच में लोहे की पत्तियों की मजबूती दी गई है। चंद्राकार गेट के ऊपर बने हिस्से में पत्थर पर नक्काशी का काम हुआ है। मंदिर के अंदर घुसते ही लगता है कि ये राजशाही के समय की जगह है।

बीकानेर राजपरिवार आमतौर पर नगर सेठ कहलाने वाले लक्ष्मीनाथ मंदिर में दर्शन करने आते थे। कोई त्योहार हो या फिर युद्ध, कहीं बाहर जा रहे हो या फिर लोकतंत्र में हो रहे चुनाव। राजपरिवार के सदस्य जब-जब लक्ष्मीनाथ मंदिर में आते, तब-तब वो इस गढ़ गणेश मंदिर का आशीर्वाद लेना नहीं भूले। मंदिर के पुजारी गणेश सेवग ने बताया कि दोपहर बारह बजे विशेष पूजन किया गया। इससे पहले निज मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। गणेश प्रतिमा के साथ ही मंदिर में सभी भगवान की प्रतिमाओं की खास पूजा गणेश चतुर्थी पर होती है।



बीकानेर में मुरलीधर व्यास कॉलोनी में गणेश चतुर्थी पर गणपित महोत्सव में गोबर से निर्मित गणपति की विराजमान किया।

बीकानेर के गणेश मंदिरों में रात आठ बजे बाद महाआरती का आयोजन हुआ। गणेशजी मंदिर के पुजारी श्याम गहलोत ने बताया कि महाआरती के तुरंत बाद जमकर आतिशबाजी की जायेगी। इसी तरह लक्ष्मीनाथ मंदिर के गढ़ गणेश मंदिर में भी शाम के वक्त बड़ी आरती होगी। बड़ा गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी पर यहां भारी भीड़ रही।

बीकानेर के गणेश मंदिरों के बाहर बुधवार को मेले जैसा माहौल रहा। खासकर जूनागढ़ और बड़ा गणेश मंदिर के आगे अस्थायी दुकानें लगा दी गई है। यहां खाने पीने के सामान के साथ ही बच्चों के लिए खिलौने तक मिल रहे हैं। जूनागढ़ के आगे नकली ज्वैलरी, पूजा की सामग्री और बच्चों के लिए खिलौनों की दुकान लगी है। वहीं कान गणेशजी के बाहर ठाकुरजी के बैठने के लिए झूले तक मिल रहे हैं। बीकानेर के सभी गणेश मंदिरों में एक साथ जन्मोत्सव शुरू हुआ है। सुबह पांच बजे से मंदिरों में भारी भीड़ रही। बड़ा गणेश मंदिर, कान गणेश मंदिर, गढ़ गणेश मंदिर, भाल गणेश मंदिर, इक्कीसिया गणेश मंदिरों में एक साथ जन्मोत्सव शुरू हुआ है। जिसमें भगवान गणेश की प्रतिमाओं के आगे पूजन किया गया। बड़ा गणेश मंदिर में फूलों से सजावट की गई है। कान गणेश मंदिर में थर्माकोल से मंदिर को नया स्वरूप दिया गया है।

बीकानेर के अंत्योदय नगर के पास स्थित कान गणेश मंदिर में विख्यात कलाकार मोना सरदार डूडी ने

■ **गणेश चतुर्थी पर शहर और जिले के मंदिरों में अल सुबह पंचामृत से अभिषेक किया गया**

मंदिर के अंदर भव्य मंदिर का निर्माण थर्माकोल से किया है। इसमें एक झरोखे से गणेश भगवान की सवारी मोदक भी नजर आ रहा है। मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। नत्थूसर गेट के पास स्थित इस मंदिर में सुबह से भक्तों की लाइन लगी हुई थी। बीकानेर के दाऊजी मंदिर मार्ग पर स्थित आदि गणेश मंदिर में सुबह चार बजे से अभिषेक शुरू हो गया। इस दौरान मंदिर में मंत्रोचार के साथ अभिषेक शुरू किया गया। जयनारायण बिस्सा ने बताया कि गणेश चतुर्थी से एक महीने पहले ही यहां अभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाता है जो हर बुधवार को परवान पर रहता है।

**गणपित महोत्सव प्रारंभ :** मुरलीधर व्यास कॉलोनी में रंगा परिवार में लगातार 11 वे वर्ष 10 दिवसीय गणपति महोत्सव आरम्भ हुआ। इस बार गोबर निर्मित गणपति विराजमान किया गया है। प्रथम दिन पूजा अर्चना में बजरंग लाल रंगा, उर्मिला देवी रंगा सपत्नीक पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पुरूषोत्तम विजयलक्ष्मी, श्रीदेवी तुलसीदास, मुरलीमनोहर कीर्ति हिमानी, वृंदा कमलनारायण व्यास, चंद्रप्रकाश ओझा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिला विशेष टीम (डीएसटी) और पुरानी आबादी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान के पास एक मकान से दो अफीम तस्करों को पकड़ा।

आरोपियों की पहचान अमनदीप सिंह उर्फ बिल्ला (43) पुत्र देशराज निवासी वार्ड 8, पुरानी आबादी व बलदेव सिंह (32) पुत्र कुलदीप सिंह निवासी 13 पीएस, रायसिंहनगर हाल किरायेदार वार्ड 8, पुरानी आबादी के तौर पर हुई है। आरोपियों के पास से 6.234 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। अमनदीप सिंह व बलदेव सिंह आपस में जीजा-साला है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। जांच सदर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र को सौंपी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में पुरानी आबादी थाना प्रभारी ज्योति नायक व डीएसटी इंचार्ज रामविलास व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। डीएसटी को हनुमानगढ़ से इनपुट मिला था कि पुरानी आबादी क्षेत्र के एक मकान में अवैध अफीम छिपाकर रखी गई है। इसके बाद मुखबिरों का नेटवर्क सक्रिय किया गया।

अमनदीप सिंह व बलदेव सिंह के पास अफीम की बड़ी खेप आने की जानकारी मिली। इसके बाद पुरानी आबादी थाना की टीम को साथ लेकर कार्रवाई की गई। बलदेव सिंह मूल रूप से रायसिंहनगर का रहने वाला है, लेकिन पिछले कुछ समय से पुरानी आबादी में रह रहा था।

वहीं अमनदीप सिंह पुरानी आबादी में ही रहता है। इन दोनों के खिलाफ पहले भी मुकदमें दर्ज हैं। अमनदीप सिंह के खिलाफ पुरानी आबादी थाना के अलावा कोतवाली थाने में भी केस दर्ज हुआ है।

## सार-समाचार

### रामदेवरा पदयात्रा रवाना



नोखा से न्यू बाबोसा रा लाड़ला संघ की 11 वीं रामदेवरा पदयात्रा बुधवार को रवाना हुई।

**नोखा,** (कासं)। न्यू बाबोसा रा लाड़ला संघ की 11वीं रामदेवरा पदयात्रा बुधवार को दोपहर 4 बजे पुलिस चौकी के पास रोड़ा रोड़ से रवाना हुई। संघ के बजरंग कठातला ने बताया की नोखा से रामदेवरा 11वीं बार पैदल 100 यात्रियों का संघ रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व मंदिर में बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई। हरिराम बाबा के दर्शन कर यात्रियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए और 'बाबा रामसा पीर की जय' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। कैलाश कठातला ने बताया कि संघ 2 सितम्बर को बाबा के दर्शन करेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता श्यामसुन्दर कठातला, हेमंत जोशी, अनिल दायमा, जितेश पंचारिया, कमल, नन्दकिशोर सुथार,राजू सुथार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। बीकानेर शहर इन दिनों पूरी तरह भक्ति और आस्था में रंगा हुआ है। रामदेवरा, पूनरासर और सियाणा भैरव धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे हर ओर दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं में से सबसे विशेष रहा लाल फौज का दल, जिसने मंगलवार को भव्य ध्वजा यात्रा निकाली। सुरेन्द्र सुथार के नेतृत्व में 85 फीट लम्बी, 35 फीट ऊंची और करीब 100 किलो वजनी ध्वजा को लेकर लाल फौज विश्वकर्मा गेट स्थित काली माता मंदिर से रवाना हुई। जैसे ही ध्वजा यात्रा शहर के मार्गों से गुजरी, जयकारों और उत्साह से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ झुककर ध्वजा को प्रणाम किया।

### खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



नोखा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलनियासर पीईईओ अमर सिंह ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**नोखा,** (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरादी ढाणियां बिलनियासर में बुधवार गणेश चतुर्थी को विद्यालय में विभिन्न खेलों का शुभारंभ पीईईओ अमर सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल जरूरी है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक कौशल विकसित करने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा ने बताया कि विद्यालय गत सत्र में क्रमोन्नत होकर उच्च प्राथमिक स्तर का बना था। इस बार प्रथम बार एथलेटिक्स 100 मीटर, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, शतरंज तथा जूडो में विद्यालय के विद्यार्थी शारीरिक शिक्षक लेखराम तरड के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर व्याख्याता रामकुमार रेगर, शिक्षक मुकेश चौधरी, धर्माराम डूकिया, महेन्द्र सिंह फगेडिया शिक्षिका किरण बाला, सरोज बिश्नोई आदि उपस्थित थे।

### नाली बैड में 4300 क्यूसेक पानी छोड़ा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के जैतसर क्षेत्र में घग्घर नदी का पानी बुधवार को 22 जीबी पुल से आगे बढ़ गया। नदी में पानी का प्रवाह धीमा है। नाली बैड में बुधवार सुबह 4300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सूरतगढ़ ब्रांच में घग्घर नदी से छोड़े गए पानी की मात्रा बढ़ाकर 1500 क्यूसेक कर दी गई है। किसानों के अनुसार पानी की धीमी गति के कारण श्रीविजयनगर तक पहुंचने में 4-5 दिन लग सकते हैं। घग्घर नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों ने चेतक पुल 5 जीबी से 22 जीबी तक नदी बहाव क्षेत्र का निरीक्षण किया। कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह बाजडोलिया ने विभिन्न स्थानों पर छोड़े गए पानी की मात्रा की जानकारी दी। मंगलवार शाम के गेज के अनुसार गुल्लाचिका में 16940, खनोरी में 8925, चांदपुर में 12500, ओटू पर 8500, घग्घर साइफन में 7960, नाली बैड में 4300 और सूरतगढ़ ब्रांच में 1500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### साफा बांधने में महेश-पुष्पा अव्वल

**बीकानेर,** (कासं)। अमेरिका के सिएटल में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ सिएटल द्वारा आयोजित एक अनोखी साफा प्रतियोगिता में बीकानेर का नाम रोशन हुआ। धोबीधोरा निवासी और एमईएस से रिटायर्ड महेश राजपुरोहित एवं उनकी पत्नी पुष्पा ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नियम था कि दो मिनट में पत्नी को पति के सिर पर साफा बांधना था, लेकिन पुष्पा राजपुरोहित ने यह काम मात्र एक मिनट में कर दिखाया और पहला स्थान हासिल किया। इस जीत ने न केवल बीकानेर का गौरव बढ़ाया। बल्कि सिएटल में बसे राजस्थानी प्रवासियों को भी अपनी परंपराओं से जोड़ दिया। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ सिएटल अमेरिका के इस आयोजन में सभी प्रतिभागी राजस्थानी परिवार थे। महेश राजपुरोहित और उनकी पत्नी पुष्पा अपने दामाद और बेटी से मिलने सिएटल पहुंचे थे। जब उन्हें इस प्रतियोगिता की जानकारी मिली तो वे खुद को रोक नहीं पाए और मंच पर आ गए। नतीजा यह रहा कि पुष्पा राजपुरोहित ने अपनी कला और परंपरा का परिचय देते हुए प्रतियोगिता जीत ली। सिएटल में स्वतंत्रता दिवस परेड और राजस्थान का रंग भी नजर आया। इसमें गणगौर की झांकी सजाई गई थी। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ सिएटल की अध्यक्ष अपेक्षा शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं।

### रंगीला रत्न अवार्ड बसंती कुमावत को

**बीकानेर,** (कासं)। इस वर्ष का राज्य स्तरीय रंगीला रत्न अवार्ड साइकिल धावक बसंती कुमावत को दिया जायेगा। कार्यक्रम खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार प्रातः 8 बजे नाल रोड स्थित गुरूदेव साइक्लिंग एकेडमी में होगा। रंगीला फाउंडेशन के सचिव एडवोकेट जुगल किशोर व्यास ने बताया कि खेल लेखक स्व. झंवरलाल व्यास रंगीला की स्मृति में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले अवार्ड के लिए इस बार बसंती का चयन किया गया है। बसंती ने एशियन साइक्लिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत को कांस्य पदक दिलाया।

# बी.डी.ए. के मास्टर डवलपमेंट प्लान-2043 का प्रारूप जारी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण की ओर से मास्टर डवलपमेंट प्लान-2043 का प्रारूप बुधवार को जारी हुआ। बीकानेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2025 की धारा 21 और धारा 23 की उपधारा (1) के तहत मास्टर विकास योजना प्रारूप 2043 का प्रकाशन किया गया है। आमजन और विभिन्न विभाग अगले तीस दिन में इस पर अपने सुझाव अथवा आपत्तियां दे सकेंगे। इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जायेगा।

■ **आमजन और विभिन्न विभाग अगले तीस दिन में इस पर अपने सुझाव अथवा आपत्तियां दे सकेंगे**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं बीडीए अध्यक्ष नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, बीकानेर विकास प्राधिकरण उपायुक्त कुणाल राहड़, निदेशक (वित्त) नरेश राजपुरोहित, निदेशक (आयोजना) पुनीत शर्मा, उप नगर नियोजक गरिमा चारण, सहायक नगर नियोजक अर्पित मोदी, अर्बन प्लानर आकाश कर्णावत सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि नगरीय क्षेत्र के विकास को ध्यान रखते हुए राज्य सरकार द्वारा नगर विकास न्यास को क्रमोन्नत कर 15 दिसम्बर 2024 को बीकानेर विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। बीकानेर रीजन के विकास को देखते हुए कुल 185 राजस्व गांवों तथा बीकानेर, नापासर एवं देशनोक नगरीय क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए बीकानेर डवलपमेंट प्राधिकरण बीकानेर रीजन बनाया गया।

रीजन में शामिल 185 ग्रामों के अनुसार मास्टर प्लान को नवीनीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसके मद्देनजर नगर विकास न्यास क्षेत्र के लिए तैयार किए गए प्रारूप मास्टर प्लान की निरंतरता में बीकानेर विकास प्राधिरण अधिनियम 2025 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीकानेर रीजन का मास्टर डवलपमेंट प्लान का प्रारूप वर्ष 2043 के हिसाब से तैयार किया गया है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रारूप मास्टर प्लान को जीआईएस प्लेटफार्म में तैयार किया गया है, जिसमें समस्त 188 गांवों अथवा नगरीय क्षेत्रों का राजस्व मानचित्र/मौका स्थिति को अद्यतन किया गया है।

## दो कारों में टक्कर, 6 लोग घायल

**नोखा,** (कासं)। नोखा क्षेत्र में देर रात को दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें बीकानेर रेफर किया गया है।

पहला हादसा पांचू बाईपास पुलिया पर हुआ। गाय को बचाने के दौरान दो कारों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल नोखा जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल पांचू निवासी मानाराम मेघवाल और बीकानेर निवासी प्रदीप सोनी को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर किया गया। वहीं पांचू के बाबूलाल, कालूराम, मूलाराम और गुमानाराम गोदारा का नोखा जिला अस्पताल में उपचार जारी है। दूसरा हादसा रायसर रोड पर हुआ। बाइक सवार जेठाराम बाइक का संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे लगी तारबंदी में जा टकराया।

# श्रीगंगानगर में जिप्सम व्यापारी ने की आत्महत्या

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एक जिप्सम व्यापारी ने किराये के मकान में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

मृतक की पहचान चरणजीत सिंह (62) के रूप में हुई है। वह जवाहर नगर थाना क्षेत्र के सुखाडिया नगर में किराये पर रहता था। जवाहर नगर थाने के हैड कांस्टेबल महेश मीणा के अनुसार चरणजीत सिंह सुखाडिया नगर में रहता था। वह जिप्सम का व्यापार करता था। पुलिस ने बताया कि चरणजीत सिंह की पत्नी मुंबई में रहती है। दोनों का तलाक हो चुका था। मृतक के परिजन बुधवार सुबह श्रीगंगानगर पहुंचे। शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पुत्री टियारा की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ **किराये के मकान में फंदे से झूला, पत्नी तलाक के बाद से मुंबई में रहती है**

श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर अलग-अलग थानों में एक नाबालिगा के अपहरण व दो महिलाओं की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। सदर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने नाबालिग बेटी के अपहरण का केस दर्ज करवाया है। परिवादिया ने अबोहर निवासी एक व्यक्ति पर बेटी को बहलाकर ले जाने का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल गुलाब सिंह कर रहे हैं। पुरानी आबादी थाने में कोडियावाली पुली निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई।

# 10 दिन से गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई

**बीकानेर,** (कासं)। शहर की पेयजल व्यवस्था इन दिनों बदहाल हो चुकी है। मोहता चौक, तेलीवाड़ा चौक और आसपास के कई क्षेत्रों के घरों में पिछले दस दिनों से गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है।

इस पानी में इतनी दुर्गन्ध है कि स्नान करने पर पूरे शरीर से बदबू आती है और हाथ धोने के बाद भी बदबू बनी रहती है। मजबूरी में लोग इस पानी का उपयोग केवल कपड़े धोने और घरेलू कामों में कर रहे हैं, लेकिन पीने के लिए बाजार से बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या की शिकायत बार-बार अधिकारियों तक पहुंचाई गई है, लेकिन समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाये गए।

■ **बीकानेर के कुछ इलाकों में लोगों को पीने के लिए बाजार से बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है**

अधिशाषी अभियंता नितेश ने जिम्मेदारी से बचते हुए मामले को अपने अधीनस्थ सहायक अभियंता पर डाल दिया। सहायक अभियंता ए. के. गुप्ता का कहना है कि अभी तक सप्लाई लाइन में लीकेज का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों की यह लापरवाही आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

## पैदल यात्रा रामदेवरा रवाना

**नोखा,** (कासं)। बुधवार शाम को बाबोसा रा लाड़ला संघ की 16 वीं पैदल यात्रा बाबा रामदेवरा के लिए रवाना हुई। यात्रा का शुभारंभ हरीरामजी मंदिर से हुआ।

नोखा सीओ हिमांशु शर्मा और नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा सहित कई गणमान्य लोगों ने ध्वजा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा से पूर्व मंदिर में बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई। यात्रियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए और 'बाबा रामसा पीर की जय' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में शामिल श्रद्धालु बाबा रामदेव के दर्शन कर राष्ट्र और क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। साथ ही आपसी एकता बनाये रखने की कामना भी करेंगे।

# मोबाइल की दुकान से चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला के सहू मार्केट से मोबाइल की दुकान से चोरी के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। साथ ही 27 मोबाइल व 22 चार्जर भी बरामद किए गए हैं। अब तक 27 एंड्रॉयड मोबाइल व 22 चार्जर बरामद किए जा चुके हैं।

खाजूवाला के सहू मार्केट में भावना टेलीकॉम एंड मोबाइल की दुकान से हुई चोरी के मामले में मंगलवार को खाजूवाला थाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। खाजूवाला पुलिस मोबाइल की दुकान से चोरी के एक आरोपी लेखराज पुत्र हुकमाराम जाति नायक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 5 अनूपगढ़ हाल खारा पीएस जामसर बीकानेर को गिरफ्तार कर 15 एंड्रॉयड मोबाइल व 15 चार्जर जब्त कर चुकी हैं। जबकि दूसरे आरोपी विजय उर्फ मुरली पुत्र जगदीश जाति नायक उम्र 22 वर्ष निवासी गाढ़वाला पीएस नापासर बीकानेर को गिरफ्तार कर 12 मोबाइल व 7 चार्जर बरामद किए हैं।

■ **पहले बाइक चोरी की, फिर खाजूवाला पहुंचकर 30 मोबाइल चुराए**

■ **27 एंड्रॉयड मोबाइल व 22 चार्जर बरामद किए जा चुके हैं**


खाजूवाला थानाधिकारी सुरेंद्र प्रजापत ने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से एक चोरी की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है, जो बीकानेर के वैष्णोधाम से चुराई थी। पिछले दिनों 19 अगस्त को देर रात्रि वार्ड नंबर 10 स्थित सहू मार्केट से मोबाइल की दुकान में बाइक पर सवार होकर आये दो युवक लगभग 5 लाख रूपये के 30 मोबाइल सहित कीमती सामान चुरा ले गए थे।

# रामदेवरा बाबा के दरबार में जा रहे पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से 77 किलोमीटर दूर माइल्स स्टोन पर माहेश्वरी सेवा समिति जस्सूसर गेट द्वारा सात दिवसीय शिविर में आज पांचवे दिन भी बाबा के दरबार में हाजरी लगाने जा रहे पैदल यात्रियों के लिए सेवा का कार्य निरंतर चालू है।

माहेश्वरी सेवा समिति के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी पवन कुमार राठी ने बताया कि बाबे के बीज होने के कारण शिविर में स्थापित बाबा के दरबार व बाबे की मूर्ति को विशेष प्रकार के श्रृंगार से सजाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कृत्रिम फूलों से सजावट की। पत्तियों के साथ-साथ रंग-बिरंगे गुब्बारों से भी बाबा के पंडाल को सजाया गया। इस अवसर पर रंगोली भी बनाई गई।

आज की सजावट में मुख्य रूप से बीकानेर से प्रिया चांडक, रितु राठी, वंशिका चांडक, राम चांडक, कुशाल



रामदेवरा पैदल यात्रियों के लिए पांचवें दिन भी माहेश्वरी सेवा समिति जस्सूसर गेट के कार्यकर्ताओं ने भोजन व चाय नाश्ता की व्यवस्था की।

चांडक प्रेरणा राठी, वर्षा राठी आदि ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर माहेश्वरी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा बाबा के दरबार में विशेष जोत की गई। माहेश्वरी सेवा समिति के सदस्य श्यामसुंदर चांडक तथा नारायण मिमानी ने बताया कि माहेश्वरी सेवा समिति पिछले 41 वर्षों से बाबा के दरबार में हाजरी देने वाले यात्रियों के लिए अपने शिविर में जहां एक और शीतल जल, चिकित्सा सुविधा, चाय कॉफी बिस्कुट तथा नाश्ता एवं भोजन की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास करती है। वहीं समिति द्वारा इस वर्ष भी नाश्ते में प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार की वैरायटी उपलब्ध करवाने का प्रयास करती है। आज पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए माहेश्वरी सेवा समिति की ओर से नाश्ते में गरमा गरम पाव भाजी, छोले टिकिया पकौड़ी की व्यवस्था की गई। छाछ-लस्सी के साथ बीकानेर के सुंदरलाल के अलग-अलग फ्लेवर में छत्ते भी यात्रियों को उपलब्ध करवाए गए।

■ **चाय कॉफी बिस्कुट तथा नाश्ता एवं भोजन की 24 घंटे सुविधा**

## 9.5 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में रायसिंहनगर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी कलावती चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विजयनगर के पास नानूवाला कोठी से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में जगबीर सिंह उर्फ जग्गा (35) और सोमा सिंह (28) शामिल हैं। दोनों 77 जीबी के रहने वाले हैं। जगबीर वर्तमान में 24 एपीडी में रहता है। दोनों से 9 किलो 545 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मुकलावा थाने के थानाधिकारी संपतराम को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नशा तस्करी में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक केदार लाल, कांस्टेबल राकेश कुमार, मनीष कुमार व जयदीप की टीम शामिल थी।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.08.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 11,37,15 में भूखण्ड सं. P-05 का माप 40-0'' गुणा 65-0'' फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती सुमन चोटिया पत्नी श्री अनिल कुलडिया निवासी वार्ड नं वार्ड नं. 06 नजदीक क्रय विक्रय सहकारी समिति, हाउस नं. 109 विजयनगर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन / पट्टा सं. 12604 दिनांक 24.11.2021 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक / पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात् पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्रीमती सुमन चोटिया पत्नी श्री अनिल कुलडिया निवासी वार्ड नं वार्ड नं. 06 नजदीक क्रय विक्रय सहकारी समिति, हाउस नं. 109 विजयनगर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 11,37,15 में भूखण्ड सं. P-05 का माप 40-0'' गुणा 65-0'' फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। Rajkaj Ref. No. 17301745 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**